भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 21 जनवरी, 2016 :-

खजुराहो हवाईअड्डे पर 91.00 करोड़ रु की लागत से निर्मित, शीशे एवं स्टील की सरंचना से बने हुए तथा अत्याधुनिक सेवाओं एवं यात्री-सुविधाओं से युक्त नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन 23 जनवरी, 2016 को 1530 बजे होना निश्चित हुआ है।

माननीय केंन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक पी. गजपति राजू खजुराहो में इस नई सुविधा का उद्घाटन करेंगे तथा उद्घाटन समारोह के दौरान मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि होंगे एवं अन्य उच्चाधिकारी भी इस अवसर पर वहाँ उपस्थित होंगे।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,
सं. 84/2015-16

खजुराहो हवाई अड्डा
KHAJURAHO AIRPORT